संसद के केंद्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती पर श्रद्धांजलि दी गई

नई दिल्ली, 31 अक्तूबर, 2020: लोक सभा की महासचिव, श्रीमती स्नेहलता श्रीवास्तव और लोक सभा के सचिव, श्री उत्पल कुमार सिंह ने आज सरदार वल्लभभाई पटेल की जयंती के अवसर पर संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में उनके चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

लोक सभा और राज्य सभा सचिवालय के अधिकारियों ने भी सरदार वल्लभभाई पटेल को श्रद्धांजलि दी।

भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति, डॉ राजेन्द्र प्रसाद ने 23 अप्रैल, 1958 को संसद भवन के केन्द्रीय कक्ष में सरदार वल्लभभाई पटेल के चित्र का अनावरण किया था।